**FIROZABAD POLICE**

*" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "*

## सराहनीय कार्य दिनाँक 20-06-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस व सर्विलांस/एसओजी टीम द्वारा दिनाँक 04/05-03-2025 की रात्रि को थाना शिकोहाबाद में लूटपाट करने की नीयत से दम्पती की नृशंस हत्या करने व दिनाँक 15-06-2025 को वृद्धा पर लूटपाट व वृद्धा के हत्या का प्रयास करने में वांछित 50 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त राजू खान पुत्र कल्लू खान पुलिस मुठभेड़ के दौरान ढेर।

- **अभियुक्त राजू खान की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा रेंज, आगरा महोदय द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था**
- **अभियुक्त राजू खान के कब्जे से अवैध पिस्टल .32 बोर, 08 जिंदा कारतूस व 12 खोखा कारतूस व खून लगा हुआ पाना बरामद।**
- **घायल अभियुक्त राजू खान को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उपचार के दौरान अभियुक्त की मृत्यु हो गयी।**

दिनांक 04/05-03-2025 की रात्रि को अज्ञात अभियुक्त द्वारा थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत बंशीनगर में पशुओं के प्लॉट के अन्दर घुसकर मुन्नालाल यादव व उनकी पत्नी मिथलेश की लूटपाट करने की नीयत से नृशंस हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 136/25 धारा 103(1), 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा दिनाँक 15-06-2025 की रात्रि में अज्ञात अभियुक्त द्वारा मलिखानपुर में वृद्धा सूरज मुखी पत्नी स्व0 शिवराम यादव के ऊपर लूटपाट व हत्या के प्रयास में हमला किया जिसके सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 391/25 धारा 309(6), 109(1) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया।

उक्त प्रकरणों के सफल अनावरण व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के दौरान दोनों प्रकरणों में अभियुक्त राजू खान पुत्र कल्लू खान उर्फ धर्मेन्द्र का नाम प्रकाश में आया अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्त के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु हरसम्भव प्रयास किया गया परन्तु अभियुक्त जानबूझकर पुलिस या मा0 न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुआ और बदस्तूर फरार चल रहा था। इसी

क्रम में श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा महोदय द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया।

आज दिनाँक 20-06-2025 को पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में दिनाँक 04/05-03-2025 की रात्रि को लूटपाट करने की नीयत से दम्पत्ति की नृशंस हत्या तथा दिनाँक 15-06-2025 की रात्रि में वृद्धा पर लूटपाट व हत्या का प्रयास में हमला करने में वांछित अभियुक्त राजू खान पुरातन रोड पर स्थित नोवा फैक्ट्री के पास निर्माणधीन मकान में अन्य घटना करने की तैयारी कर रहा है। उक्त सूचना का संज्ञान लेकर पुलिस टीम नोवा फैक्ट्री के पास पहुँची और निर्माणधीन मकान में प्लानिंग कर रहे संदिग्ध अभियुक्त को आत्मसमर्पण हेतु ललकारा गया किन्तु अभियुक्त ने पुलिस टीम पर अँधाधुँध फायरिंग शुरु कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जबावी कार्यवाही में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान राजू पुत्र कल्लू खान उर्फ धर्मेंद्र के रुप में हुई जो कि मु0अ0सं0 136/25 व मु0अ0सं0 391/25 में वांछित अभियुक्त था। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उपचार के दौरान अभियुक्त की मृत्यु हो गयी। पुलिस टीम द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता मृतक अभियुक्त-**

1. राजू खान पुत्र कल्लू खान उर्फ धर्मेंद्र निवासी रैपुरा थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद हाल पता किराये का मकान वीके0 पुरम शंकरगढ़ की पुलिया थाना शाहगंज जनपद आगरा।

**बरामदगी का विवरण –**

1. अवैध पिस्टल .32 बोर।
2. 08 जिन्दा कारतूस।
3. 12 खोखा कारतूस।
4. खून लगा हुआ पाना

**अभियुक्त राजू का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 219/19 धारा 380, 411, 457 भादवि0 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 448/19 धारा 380, 411, 457 भादवि0 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 599/19 धारा 380, 411 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 136/25 धारा 103(1), 309(6) बीएनएस0 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 391/25 धारा 309(6), 109(1) बीएनएस0 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित(आई0पी0एस0)
2. क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद श्री प्रवीन तिवारी (पी0पी0एस)
3. प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. सर्विलांस / एसओजी प्रभारी उ0नि0 अमित कुमार मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
5. अन्य पुलिस कर्मचारीगण।